सार-समाचार

जागृति सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

सीकर, (निसं)। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र योजना के अंतर्गत जागृति सप्ताह कार्यक्रम के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा अंजुमन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीकर में बालिकाओं के लिए करियर काउंसलिंग एवं जेंडर संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार तथा विद्यालय के प्रिंसिपल जिसान अली के समन्वय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्र प्रबंधक नीलम कुमारी एवं रिचा पारीक ने बताया कि कैरियर काउंसलिंग और जेंडर संवेदनशीलता का आपस में गहरा संबंध है, जो बालिकाओं एवं महिलाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चयन में सहायता प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि कैरियर का चयन महिला या पुरुष के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता एवं दक्षता के आधार पर होना चाहिए। महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ बिना किसी दबाव के अपने करियर का चयन करना चाहिए तथा यदि करियर चयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो काउंसलर की सहायता लेना लाभकारी होता है। कार्यक्रम में समावेशी समाज के निर्माण पर भी बल दिया गया, जहां सभी को समान अवसर प्राप्त हों और करियर का निर्धारण लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि योग्यता के आधार पर किया जाए। इस दौरान कालका (स्पैरो टीम) की कमला, किरण एवं संतोष द्वारा बालिकाओं को राजकोट सिटीजन ऐप की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

हनुमानगढ़, (निसं)। राजकीय मेडिकल कॉलेज हनुमानगढ़ के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज टोंक में आयोजित पैन-इंडिया ई-पोस्टर एवं पेपर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में जीएमसी हनुमानगढ़ के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह प्रतियोगिता एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायोकैमिस्ट्री विषय पर आधारित थी, जिसमें देशभर के मेडिकल विद्यार्थियों ने अपने शोध एवं विषय ज्ञान का प्रदर्शन किया। जीएमसी हनुमानगढ़ के विद्यार्थियों ने बायोकैमिस्ट्री विषय पर उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुत कर अपनी अकादमिक क्षमता और शोध अभिरुचि का परिचय दिया। प्रतिभागियों में अनिल जांगिड, योगेश शर्मा, अंजलि मारग (2023 बैच), रजनीश कटारिया तथा याशमीन सिद्धू (2025 बैच) शामिल रहे। प्रतियोगिता में याशमीन सिद्धू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता में बायोकैमिस्ट्री विभाग की डॉ. सुमन जैन का मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. कीर्ति शेखावत का निरंतर प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा।

स्वर्णकार समाज सेवा समिति के चुनाव 12 को

झुंझुनूं, (निसं)। स्वर्णकार समाज सेवा समिति के चुनाव 12 अप्रेल को दोपहर 2 बजे नेपालियों के मंदिर प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। समिति सचिव विश्वनाथ सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव अधिकारी दिनेश नारनोली के मार्गदर्शन में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद का चयन किया जाएगा। इन पदों का चुनाव समिति के सदस्य करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि आवश्यकता पड़ी तो मतदान की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद उसी समय निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद नए अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। समिति की ओर से समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

उपकारागृह नीमकाथाना का निरीक्षण

पाटन (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रुपा गुप्ता द्वारा गुरुवार को उपकारागृह, नीमकाथाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तालुका विधिक सेवा समिति, नीमकाथाना की ओर से एडवोकेट दर्शन सिंह सैनी, राजेंद्र सैनी, मुरारी लाल शर्मा, शशि कला सैनिक, जसवंत मीणा सहित पैनल अधिवक्तागण एवं पीएलवी चंदन करोटवान भी उपस्थित रहे। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव अजय बाबु ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। इस दौरान कैदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उनके त्वरित समाधान के लिए जेलर रमेश पुरोहित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।अध्यक्ष ने उपस्थित कैदियों को निशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया।

जाट समाज भवन के लिए दानदाताओं का सहयोग जारी

नोहर, (निसं)। ग्राम सुधार समिति ढढेला द्वारा संचालित जाट समाज भवन में समाज के भामाशाहों का सहयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बलराम पुत्र राममूर्ति बैनीवाल ने स भवन के लिए 5 पंखे भेंट किए है। समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित समाज के लोगों ने इस सहयोग के लिए बलराम बैनीवाल का आभार जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बलराम बैनीवाल ने आश्वासन दिया कि वे आगे भी समय-समय पर भवन निर्माण में सहयोग देते रहेंगे। कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष, सचिव प्रताप सिंह महरिया, कोषाध्यक्ष, दयाराम सहु, सुलतान बिजारणियां सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समिति द्वारा समाज भवन निर्माण कार्य को गति देने के लिए लगातार सहयोग जुटाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

मोक्षा अग्रवाल का सम्मान किया

चिड़ावा, (निसं)। गिन्नीदेवी सत्यनारायण सेखसरिया गर्ल्स पीजी कॉलेज की बीकॉम की पूर्व छात्रा मोक्षा अग्रवाल के एसएससी सीजीएल में ऑल इंडिया 43वीं रैंक प्राप्त करने पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सपना अग्रवाल द्वारा छात्रा को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। छात्रा मोक्षा ने छात्राओं को संदेश दिया कि निरंतर मेहनत और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर हम मंजिल प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय सचिव सुंदरलाल शर्मा ने भी छात्रा को बधाई प्रेषित की और अन्य छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

आजमन की समस्याओं का निस्तारण

तारानगर (निसं)। राजस्थान के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तारानगर की पंचायत समिति के वीसी कक्ष में वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें आमजन की शिकायतों का संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्काल निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में चूरू अधीक्षण अभियंता ए पी वर्मा, नायब तहसीलदार बजरंग सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार, साहवा नायब तहसीलदार चंद्रशेखर, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पोस्टर का विमोचन

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे में बस स्टैंड के पास बाबा रामदेव की बगीची में पुजारी बनवारी दास के सानिध्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया है। कार्यकर्ता जयंती मनाने के लिए तैयारीयों में लगे हुए हैं। पोस्टर का विमोचन कर 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर पोस्ट का विमोचन करने के लिए आनंद चेतना केंद्र के लोकेश सिंह शेखावत, गिरधारी लाल राठी, श्री गैस एजेंसी के मैनेजर राम प्रताप पुल्कित, बनवारी दास,रजत मौर्य, बृजलाल, संजय, पूनम सोनी, प्रदीप सहित कई लोग मौजूद रहे।

एक दिवसीय बिग्नर्स कोर्स शिविर सम्पन्न

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, स्थानीय संघ रतनगढ़ के मुख्यालय भवन रतनगढ़ में बिग्नर्स कोर्स शिविर सम्पन्न हुआ। स्थानीय संघ स्काउट के सचिव राकेश कुमार ने बताया कि रतनगढ़ तहसील के उन विद्यालयों के अध्यापक जो स्काउटिंग में प्रशिक्षित नहीं है उनको स्काउट की कार्यशैली से परिचित करवाने हेतु एक दिवसीय बिग्नर्स कोर्स शिविर का आयोजन स्थानीय संघ मुख्यालय भवन,रतनगढ़ में सम्पन्न हुआ।

अन्य राज्यों से आने वाले तस्करों पर कड़ी निगरानी रखें : आईजी

चूरू (निसं)। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ओमप्रकाश ने गुरुवार को पुलिस लाइन और परेड का निरीक्षण किया। वहीं संपर्क सभा में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

आईजी ओमप्रकाश ने क्राइम मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन को साथ लेकर उनके भय को कम करने का प्रयास करें। उन्होंने चूरू जिले में अन्य राज्यों से आने वाले तस्करों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। आईजी ने बताया कि चूरू जिले में अपराध के ग्राफ में कमी आई है और गैंगस्टरों पर काफी हद तक लगाम कसी गई है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

आईजी ने कहा कि दूसरे जिलों के बॉर्डर से आने वाले शराब और हथियार तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है। अपराध समीक्षा

बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ओमप्रकाश ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में पुलिस की कार्यशैली और कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को सक्रिय रहने और साइबर क्राइम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुनील कुमार, एएसपी डॉ. कृष्णा सामरिया, एएसपी सतपाल सिंह शेखावत, डीएसपी सुनील कुमार झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया, सदर थानाधिकारी मोटाराम, महिला थानाधिकारी रचना विश्नोई सहित जिले भर के पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

सोमासी के राजकीय विद्यालय में प्रतिभाओं को सम्मानित किया

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय के ग्राम सोमासी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कक्षा 12 में कविता स्वामी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान व चूरू ब्लॉक मेरिट में पांचवा स्थान, चारणवासी की निशा चारण ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व सोमासी की खुशबू कंवर ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है।

वहीं 7 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक व 7 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 10 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली गुंजन को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुमन ने छात्राओं को माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उप प्रधानाचार्य रविकांत बेनीवाल ने विद्यार्थियों का स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। व्याख्याता डॉ. आरती सामौर ने विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नगद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य सुमन ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को परखें और विद्यालय का अवलोकन करें, हम आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

इस दौरान विद्यार्थियों ने डीजे के साथ जुलूस निकालकर जश्न मनाया। यह जुलूस विद्यालय से रवाना होकर सोमासी, चारणवासी, बीकासी व ढाणी गुजरान पहुंचा। इस अवसर पर टॉपर छात्रा कविता स्वामी ने कहा कि विद्यार्थी को मन लगाकर नियमित रूप से पढ़ाई करें और मोबाइल से दूरी बनायें रखें। कार्यक्रम का संचालन आरती सामौर ने किया।

इस अवसर पर फुसाराम, पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, सांवताराम, सहीराम, मनोज, राकेश, निरंजन, बंशीधर, हरिसिंह, गिरधारी दान, कालूराम गुर्जर, पवन पूनिया, विक्रम सिंह, कमल मेहरा, राकेश कुमार, भरत सिंह, भंवरलाल बुडानिया, सुरेंद्र कुमार, सरिता, कृष्णा, अली शेर, पुष्पा शर्मा, कौशल्या, गोपी राम, प्रकाशचंद्र, पिंटू, कांता, सुलोचना व लक्ष्मण सिंह सहित बडी संख्या में विद्यार्थी, ग्रामीण जन व स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा में झूमे श्रद्धालु

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम घंटेल स्थित श्री गोपाल गौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन बाल संत शंकर दास महाराज ने व्यासपीठ से भगवान श्रीकृष्ण जन्म का मन मोहक वर्णन किया गया।

इस अवसर पर बाल संत ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण रात्रि 12 बजे मथुरा में कंस के कारागार में माता देवकी के गर्भ से प्रकट हुए। जन्म लेते ही वासुदेव की बेडियां खुल गई और वे भगवान को यमुना पार कर वृंदावन ले गए, जहां नंदबाबा के घर हर्षाल्लास के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु झूम उठे। ऐसे रोचक प्रंसगों से बाल संत ने वातावरण को धार्मिक मय बना दिया।

गौशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने कृष्ण झांकी के दर्शन कर हर्षोंल्लास पूर्वक भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। गौशाला संयोजक डूंगरदास स्वामी ने बताया कि मुख्य यजमान मांगीलाल जांगिड ने गौ सेवा के उद्देश्य से कथा का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक अमित चाचाण ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया

नोहर, (निसं)। यहां के विधायक अमित चाचाण ने आसाम के दौरे के बीच नोहर पहुंचकर ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों को हुए भारी नुकसान का जायजा लिया और किसानों से बातचीत कर उनके फसलों के नुकसान की पूर्ण जानकारी लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए ताकि किसानों को मुआवजा एवं फसल बीमा क्लेम से कुछ राहत मिल सके।

क्षेत्र में लगातार ओलावृष्टि के कारण अनेक गांवों में किसानों की शत प्रतिशत फसलें खराब हो गई है। राज्य सरकार को चाहिए कि वे किसानों को तुरंत मुआवजा दे। सरकार से मांग है की ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान के मामले में मुआवजे की प्रक्रिया को भी सरलीकरण किया जाए। विधायक अमित चाचाण ने जिला कलेक्टर सहित कृषि विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर संपूर्ण मामले की जानकारी देते

विधायक अमित चाचाण ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया।

हुए कहा की ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान के मामले में मुआवजे की प्रक्रिया को भी सरलीकरण और तेजगति से किया जाए ताकि परेशान किसान दंपति को राहत समय पर मिल सके जो किसानों का हक है।

विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री बांटी

चिड़ावा (निसं)। चिड़ावा के पास स्थित अड़ूका गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त आयकर अधिकारी त्रिलोक चंद नायक ने विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और नोटबुक वितरित कीं।

नायक ने छात्रों को उत्साह के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा और किताबों के महत्व के बारे में बताया और मोबाइल से दूर रहकर किताबों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी।

विद्यालय के प्रिंसिपल बंशीधर ने त्रिलोक चंद नायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज के अन्य प्रबुद्धजनों से भी ऐसे नेक कार्यों में आगे आने का आव्हान किया।

इस अवसर पर होशियार सिंह, अंकुर झाझड़िया, अनीश, निहाल सिंह, मनोज, चंद्रकला, रीना, सविता गेट, कमला, संजू, अनिल कुमार, कर्ण सिंह, निर्मला, सुबेसिंह सिरोवा, सुशीला सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

नोहर, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के साइबर सिक्योरिटी जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को अभिनव एकेडमी, नोहर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हनुमानगढ़ के अध्यक्ष तनवीर चौधरी व सचिव गजेंद्र सिंह तेनगुरिया अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। इस दौरान तालुका विधिक सेवा समिति नोहर की अध्यक्ष कुमकुम ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को बताया कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहना बेहद जरूरी है। क्लिक करने से पहले सोचें, इंटरनेट सब देख रहा है जैसे संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधडी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग जैसी साइबर ठगी से बचने के तरीके समझाए गए। कार्यक्रम में साइबर क्राइम की रोकथाम, उससे बचाव के उपाय तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी भी दी गई।

3.270 किलो अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर पुलिस व एएनटीएफ टीम हनुमानगढ़ के द्वारा बुधवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.270 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद व 2 आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने बडी चालाकी दिखाते हुए अवैध मादक पदार्थ को अपने घर मे ना रख दक्षिण पश्चिम में स्थित अपने खेत मे छिपाया जिससे किसी को शक नही हो व पूलिस को पता नही लगे व अपना काला धंधा चलता रहें लेकिन एएनटीएफ टीम ने अपनी कार्य कुशलता व प्रशिक्षित डॉग की मदद से अवैध मादक पदार्थ को ढूंढ निकाला आरोपियों के इरादे फेल कर दिये एएनटीएफ टीम हनुमानगढ़ को सूचना मिली कि चूरू के राजलदेसर में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करता है।

इस पर टीम पुख्ता सूचना होने पर सादा वस्त्रों मे राजलदेसर पहुंची टीम ने सूचना कर पता लगाया कि प्रदीप नाम का व्यक्ति है जो राजलदेसर व और भी जगह अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई करता है स्थानीय पुतलिस से सम्पर्क कर आरोपी को दबोचने की योजना बनाई टीम ने गुप्त रूप से पता लगाया कि आरोपी प्रदीप ने अवैध मादक पदार्थ को अपने घर मे ना छुपाकर अपने खेत मे छिपा रखा है।

स्थानीय पुलिस व प्रशिक्षित डॉग को साथ लेकर आरोपी प्रदीप के खेत मे पहुंची मौजूद प्रदीप व उसका साथी राजू खेत मे ही खड़े हैं व पुलिस को देख हक्का-बक्का रह गये प्रशिक्षित डॉग की मदद से आरोपियों द्वारा छूपाये गये अवैध मादक पदार्थ अफीम को खेत से बरामद किया व आरोपियो को घर-दबोचा स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ अफीम को जब्त कर 23 वर्षीय आरोपी प्रदीप पुत्र प्रहलाद राम जाट व 33 वर्षीय राजू पुत्र लक्ष्मण राम जाट निवासी राजलदेसर वार्ड नंबर 2 को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच रतनगढ़ सब इंस्पेक्टर गिरधारी लाल कर रहे हैं।

परिंडे लगाने का संकल्प

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय के साथ लगते आबूसर गांव के राजकीय प्रथम श्रेणी राजकीय पशु चिकित्सालय में पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए। पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा एवं डॉ. जयपालसिंह फोगाट उप निदेशक ब्लॉक वेटरिनरी हेल्थ ऑफिस आबूसर, डॉ. पूजा थाकन, डॉ. सोनू चौधरी आदि कार्मिक उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने पंचायत समिति पिपराली में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रस्तुत की। जनसुनवाई के दौरान कुल 17 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से पाँच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर मोदी ने ई-मित्र पर यूपीआई से भुगतान कर निर्धारित मानकों से अधिक राशि न वसूलने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े प्रत्येक प्रकरण का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। जिला कलेक्टर ने पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए।

राजेश बजाड़ जिलाध्यक्ष बने

झुंझुनूं, (निसं)। करीब चार दशक बाद झुंझुनूं में हुए मंत्रालयिक कर्मचारी समन्वय समिति के चुनावों ने जिलेभर के कर्मचारियों में जबरदस्त उत्साह से हिस्सा लिया। लंबे इंतजार के बाद हुए इन चुनावों के परिणाम देर रात घोषित किए गए। जिसमें जिलाध्यक्ष पद पर राजेश बजाड ने जीत दर्ज की। राजेश बजाड ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिद खान को कड़े मुकाबले में 13 वोटों से पराजित किया। राजेश बजाड को कुल 387 वोट प्राप्त हुए। जबकि मोहम्मद शाहिद खान को 374 वोट मिले। इसके अलावा विवेक कसाना को 219 तथा योगेश जांगिड को 189 वोटों से संतोष करना पडा। मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा। परिणाम को लेकर कर्मचारियों में उत्सुकता बनी रही। प्रतिनिधि परिषद के 10 सदस्य पदों के लिए कुल 11 उम्मीदवार मैदान में थे।

बेदखली सूचना यह कि अभिषेक बुडानिया मेरा पुत्र है जिसकी उम्र लगभग 26 साल है, मेरा उक्त पुत्र आवारा व गलत प्रवृति के लोगों की संगत में रहता है मेरे व मेरे परिवार के द्वारा समझानें पर नहीं मान रहा है, इसलिए मैने व मेरे परिवार ने मिलकर आज दिनांक 09.04.2026 को मेरे उक्त पुत्र को मेरे परिवार की सम्पूर्ण चल व अचल जायदाद व सम्पति से बेदखल कर दिया है, मेरा उक्त पुत्र हमारे घर पर नहीं रहता है, हमारे घर से अलग रह रहा है, जिसकी जानकारी हमें नहीं है। आज से मेरे उक्त पुत्र का मेरी व मेरे परिवार की किसी भी प्रकार की सम्पति व जायदाद में किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। आज के बाद मेरे उक्त पुत्र के द्वारा किये जाने वाले किसी प्रकार के कोई लेन-देन, कोई घटना, कोई आपराधिक गतिविधि, या अन्य कोई गलत कार्य करने पर मेरा उक्त पुत्र स्वयं जिम्मेवार होगा मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेवार नहीं होगा। हमारे घर व परिवार से मेरे उक्त पुत्र का कोई लेना देना नहीं रहा है, आज के बाद मेरे उक्त पुत्र के संबंध में मेरी व मेरे परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। मैं सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि सूचित रहे। शपथ ग्रहिता- शीशराम बुडानिया पुत्र स्व. ओमप्रकाश बुडानिया जाति जाट निवासी दुधवाखारा तहसील चूरू जिला चूरू हाल निवासी झुम्पा खुर्द तहसील सिवानी जिला भिवानी, (हरियाणा)

बेदखली सूचना यह है कि मेरा पुत्र भारत सैनी पुत्र श्रवण कुमार सैनी जाति सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) पत्नी भारत सैनी निवासीगण वार्ड नं. 25 राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू जो कि आवारा पृवृत्ति के है। जो मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं चलते है। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन झगडा करते रहते है। यह है कि मेरे पुत्र भारत सैनी व पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई किसी तरह का लेन देन नहीं है। और मेरे पुत्र भारत सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) के साथ मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नही रहा है। यह कि मै आज दिनांक 09.04.2026 को सभी प्रकार के नाते रिस्ते खत्म करता हूँ तथा मेरे बेटे भारत सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) को मेरी चल व अचल सम्पती से बेदखल करता हूँ। यह है कि मेरे बेटे भारत सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) अगर भविष्य में मेरे व मेरे परिवार के नाम से कोई किसी भी प्रकार का किसी के साथ कोई लेन देन करते है या अनैतीक कार्य करते है तो उसके जिम्मेवार मेरा बेटा भारत सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) स्वयं ही होगे इसके लिए मै व मेरा परिवार का कोई सदस्य जिमेवार नहीं होगो। यह कि मेरे पुत्र भारत सैनी व मेरी पुत्रवधू प्रिती (प्रितम) के साथ अन्य कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का सम्बन्ध रखता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी सम्बन्ध रखने वाले की होगी मेरी व मेरे परिवार की कोई भी किसी भी प्रकार की जिम्मेवारी नही होगी। सूचित करता हूं कि सूचित रहे। शपथग्रहिता-श्रवण कुमार सैनी पुत्र भीमराज सैनी उम्र 60 साल जाति सैनी निवासी वार्ड नं. 25 राजगढ़ तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का आयोजन

चूरू (निसं)। विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर गुरूवार को (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के तत्वावधान में चूरू के द्वारा जैन श्वेतांबर तेरापंथ सीनियर सैकंडरी स्कूल चुरु के विद्यालय प्रांगण में एक भव्य नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 2000 बच्चे व बड़ों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, चूरू की चेयरपर्सन रचना कोठारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज प्राचार्य महेश पुकार, डॉ एम एल श्यामसुखा, डॉ एफ एच गोरी, पूर्व जिला प्रमुख वंदना आर्य, ओम सारस्वत, रवि दाधीच, राकेश ओझा, कैलाश शर्मा, संजय बरडिया, प्रीति सीकारिया, गुड़िया सीकारिया, संध्या जैन, लक्ष्मी कोठारी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में रचना कोठारी द्वारा सभी का स्वागत/अभिनंदन करते हुए कहा कि नवकार महामंत्र का जाप करने से हमेशा आत्मविश्वास की वृद्धि होती है इससे ज्ञान व स्पष्टता बढ़ती है, जीवन में शांति और संतुलन आता है, अपने जीवन में विश्वास और स्थिरता के साथ हम अपने जीवन में पवित्रता और सकारात्मक की और बढ़ जाते हैं और इस महामंत्र से ऊर्जा का संचालन होता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक शांति और

विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के तत्वावधान में भव्य नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का आयोजन किया गया।

सद्भावना था। नवकार महामंत्र जाप सुबह 9:00 से 9:36 बजे तक विद्यालय के छात्रों और अध्यापकों ने एक साथ नवकार मंत्र का जाप किया। आज पूरे विश्व में एक ही समय पर, एक ही ध्वनि में, एक ही भावना के साथ 108 से अधिक देशों में एक साथ करोडों लोगों ने एक साथ इस महामंत्र का जप कर विश्व रिकॉर्ड बनाया और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है।

चूरू के लिए यह एक बडी बात है कि (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) चूरू की शुरुआत चूरू में कुछ ही दिन पूर्व हुई थी, जिसका चेयरपर्सन रचना कोठारी को बनाया गया है, इस कार्यक्रम की रूपरेखा कुछ माह पूर्व तय कर दी गई थी, जिसके बाद से रचना कोठारी व उनकी टीम ने अथक प्रयास व परिश्रम से इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। इस महा जाप के कार्यक्रम में अणुव्रत समिति चूरू ने अपनी सहयोगी की भूमिका निभाई, जिसके मंत्री ताहिर खान एडवोकेट द्वारा पिछले कई हफ्तों से अधिक परिश्रम व प्रयास किया जा रहे थे।

इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य जगदीश जांगिड, प्रेम सिंह राठौड तथा अन्य विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा, जिनका व अणुव्रत समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जैन श्वेतांबर स्कूल के अलावा इस कार्यक्रम (महा जाप) का आयोजन चूरू स्थित श्री जैन केसर बालिका विद्यालय, लिटिल एंजल कॉन्वेंट स्कूल, किड्स होम विद्यालय, पारख बालिका विद्यालय, एस. के. मेमोरियल स्कूल में भी किया गया था। केसर बालिका विद्यालय में कुल 400 बच्चे व विद्यालय स्टाफ, लिटिल एंजेल कान्वेंट स्कूल में 350 विद्यालय स्टाफ व बच्चे, किड्स होम स्कूल में 250 बच्चे व विद्यालय स्टाफ, पार्क बालिका विद्यालय में 430 बच्चे व विद्यालय स्टाफ तथा एस के मेमोरियल स्कूल में 220 बच्चे विद्यालय स्टाफ ने एक साथ इस महामंत्र का जाप जब कर इस विश्व शांति व वैश्विकता की ऊर्जा को आगे पहुंचाने में सार्थक भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र कोठारी, मुन्नी देवी, पायल दफ्तरी, नीलम सुराणा, नविता नाहटा, अंशु कोठारी, अंशु जैन, सीमा कोठारी, गुड़िया सरावगी, हेमा बेद, विनीता पारख, रुचि बेद, सुमन जैन, रेनू जैन, राखी, जयकुमार सिकरिया, खुशबू, रेनू सरावगी, सौरभ जैन, पवन जैन, पदम जैन, मुरारी सरावगी व सुरेश सरावगी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर कमल कोठारी द्वारा किया गया।

कार्यालय नगरपालिका गोलूवाला, जिला-हनुमानगढ़

क्र./नपागो/आपत्ति सूचना/69-क/2025-26/38 दिनांक-8-4-2026

-: आपत्ति सूचना :-

श्री उग्रसेन पुत्र श्री बलराम, जाति जाट निवासी वार्ड नम्बर 25 गोलूवाला, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ ने नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्व स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है। नगरीय निकाय गोलूवाला, सैक्टर नम्बर-वार्ड नम्बर 25 (33 एलएलडब्ल्यू), पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या A-14 (आवासीय), साईज 67×85=5695 वर्गफुट यानि 529.27 वर्गमीटर है। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नही है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.04.2026 को जारी की गयी। -अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गोलूवाला

कार्यालय नगरपालिका गोलूवाला, जिला-हनुमानगढ़

क्र./नपागो/आपत्ति सूचना/69-क/2025-26/42 दिनांक-8-4-2026

-: आपत्ति सूचना :-

श्री रिपुदमन सिहाग-रोहिताश सिहाग पिसरान श्री बलराम, जाति जाट निवासी वार्ड नम्बर 25 गोलूवाला, तहसील पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्व स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है। नगरीय निकाय गोलूवाला, सैक्टर नम्बर-वार्ड नम्बर 25 (33 एलएलडब्ल्यू), पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड संख्या A-17-18 (आवासीय), साईज 137×75=10275 वर्गफुट यानि 954.92 वर्गमीटर है। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नही है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.04.2026 को जारी की गयी। -अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गोलूवाला